एडसिल
EdCIL
Education • Innovation • Transformation

# एडसिल (इण्डिया) लिमिटेड

(एक मिनि रत्न श्रेणी–। सीपीएसई, भारत सरकार)
एडसिल हाउस, 18–ए, सेक्टर–16–ए, नोएडा–201301 (उत्तर प्रदेश) फोन: 0120–4156001–02, 4154003 एवं 2512003–06,
फैक्स नं. 0120–2515372 (वेबसाइट : **www.edcilindia.co.in**)

## स्कूल शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय के लिए परामर्शदाता और प्रोग्रामर के पद (अनुबंध आधार पर) हेतु वॉक–इन–इंटरव्यू के लिए विज्ञापन

स्कूल शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय जिसका कार्यालय शास्त्री भवन, नई दिल्ली–110001 में है, के तहत एक तकनीकी सहायता समूह के लिए परामर्शदाता और प्रोग्रामर के पद के लिए वॉक–इन–इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। नियुक्ति पूरी तरह से अनुबंध आधार पर होगी।

**साक्षात्कार 27 और 28 जनवरी 2021 को निम्नलिखित पते पर आयोजित होगी:–**

तकनीकी सहायता समूह (टीएसजी) कार्यालय, 6ठा तल, विजया बिल्डिंग, 17–बाराखंबा रोड, नई दिल्ली–110001

| क्र. सं. | पद का नाम /पारिश्रमिक की श्रेणी | पदों की सं. | न्यूनतम आवश्यक योग्यता | कार्य क्षेत्र अनुभव की प्रकृति | आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परामर्शदाता (रु. 40,000/- से 60000/-) | 1 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से सार्वजनिक प्रबंधन/ प्रबंधन अध्ययन/ सामाजिक विज्ञान/ अर्थशास्त्र/ सांख्यिकी/ कंप्यूटर विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री या संबद्ध क्षेत्र | भारत सरकार के नवाचार राष्ट्रीय स्तर के योजना की शिक्षा तकनीक एवं निष्पादन का ज्ञान और तकनीकी पहलुओं सहित योजना, कार्यानवयन, इस क्षेत्र में नवीनतम विकास, शिक्षा प्रबंधन में पांच साल का प्रासंगिक अनुभव **अथवा** अखिल भारतीय स्तर के भारत सरकार की बड़ी योजनाओं के निष्पादन के सभी पहलुओं तथा चल रही योजनाओं की निगरानी एवं उनका कार्यानवयन, राज्य सरकार के साथ समन्वय, सामाजिक एवं संबंध क्षेत्रों में भारत सरकार की राष्ट्रीय स्तर की योजनाओं के संदर्भ में राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों की निगरानी तथा मूल्यांकन में पांच साल का प्रासंगिक अनुभव। कम्प्यूटर एप्लीकेशन में दक्षता, केंद्रीय सचिवालय प्रक्रिया में नोटिंग एवं ड्राफ्टिंग में दक्षता। | 01 जनवरी 2021 को 50 वर्ष से अधिक नहीं |
| 2 | प्रोग्रामर (रु. 28,000/- से 46000/-) | 1 | एक वर्ष के अनुभव के साथ कंप्यूटर विज्ञान में मास्टर/स्नातक की डिग्री या दो साल के अनुभव के साथ कंप्यूटर में एक वर्ष के डिप्लोमा सहित सांख्यिकी/कंप्यूटर विज्ञान में स्नातक की डिग्री। | कंप्यूटर विज्ञान/सांख्यिकी में मास्टर डिग्री के मामले में दो साल का न्यूनतम प्रासंगिक अनुभव और कंप्यूटर में एक साल के डिप्लोमा के साथ सांख्यिकी/कंप्यूटर विज्ञान में स्नातक की डिग्री के मामले में तीन साल का प्रासंगिक अनुभव। उम्मीदवारों को सरकारी विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में डेटा कैप्चरिंग, विश्लेषण, प्रबंधन रिपोर्टिंग और प्रदर्शन निगरानी में प्रासंगिक अनुभव होना चाहिए। प्रोग्रामिंग कौशल के साथ–साथ डेटाबेस प्रबंधन प्रणाली का ज्ञान। | 01 जनवरी 2021 को 32 वर्ष से अधिक नहीं |

**साक्षात्कार का समय:** 27 और 28 जनवरी 2021 को प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे और अपराह्न 02:30 बजे से 04:30 बजे तक। साक्षात्कार में भाग लेने के लिए कोई टीए/डीए स्वीकार्य नहीं होगा। **सामान्य सूचना 1.** केवल भारतीय नागरिक आवेदन करने के पात्र हैं। **2.** परामर्शदाता/प्रोग्रामर के कार्य में राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों तथा प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) प्रणाली के आवेदन की प्रोसेसिंग एवं विश्लेषण, डाटाबेस तैयार करना, एमआईएस सृजन, विकास और योजना के क्रियान्वयन में तकनीकी सहयोग एवं सहायता शामिल है। **3.** उम्मीदवारों के लिए मौखिक तथा लिखित अभिव्यक्ति में उत्कृष्ट कौशल तथा कम्प्यूटर संचालन में सम्पूर्ण दक्षता सभी क्षेत्रों में अनिवार्य है। **4.** पात्रता को पूरा करने मात्र से उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाया जा सकता। **5.** परामर्श शुल्क की उपरोक्त श्रेणी समेकित आधार पर हैं और इसमें सभी भत्ते आदि शामिल हैं। **6.** नियुक्ति 31.03.2021 तक के लिए होगी, जिसे वार्षिक आधार पर बढाया जा सकता है। **7.** अभ्यर्थियों को मूल के साथ योग्यता, कार्य अनुभव आदि की स्व–सत्यापित प्रतियों के साथ अपने बायो डेटा (बायो डेटा पर दो पासपोर्ट आकार की फोटो चिपकाएँ/संलग्न करें) लाना होगा।